
प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



कल तक थे वफ़ादार, आज हो रहे हैं ट्रंप का शिकार! पेज- 2

पत्ती तोड़ते समय पेड़ से नीचे गिरकर अधेड़ घायल पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 105 | सोमवार 06 अप्रैल 2026 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025-27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रुपया

## लोकसभा सीट बढ़ाने के प्रस्ताव पर कांग्रेस का मोदी सरकार पर हमला

### -कहा ध्यान भटकाने का हथियार

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को लोकसभा सीट की संख्या बढ़ाने के प्रस्ताव को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वह इस कदम को जबरदस्ती थोप रहे हैं जिससे बड़े और अधिक आबादी वाले राज्यों को अधिक लाभ होगा और यह जनता का ध्यान भटकाने का हथियार मात्र है। विपक्षी दल ने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री देश की जनता को गुमराह कर रहे हैं और भ्रामक बयान दे रहे हैं जिनका उद्देश्य धोखा देना है। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने कहा, प्रधानमंत्री हमेशा की तरह भ्रामक बयान देकर धोखा देने की कोशिश कर रहे हैं। उनका कहना है कि अगर लोकसभा की सीट की संख्या 50 प्रतिशत बढ़ा दी जाए और प्रत्येक राज्य की सीट की संख्या भी 50 प्रतिशत बढ़ा दी जाए तो दक्षिण भारतीय राज्यों को कोई नुकसान नहीं होगा। यह देश की जनता को धोखा देने का प्रयास है, जिसमें प्रधानमंत्री को अद्वितीय विशेषज्ञता प्राप्त है। उदाहरण के लिए लोकसभा में उत्तर प्रदेश और केरल की सीट के बीच का अंतर वर्तमान में 60 है और



मोदी के प्रस्ताव से यह अंतर बढ़कर 90 हो जाएगा। रमेश ने कहा कि इसी तरह, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु के बीच का अंतर 41 से बढ़कर कम से कम 61 हो जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे और उदाहरणों को जोड़ा जा सकता है। मोदी एक ऐसे प्रस्ताव को जबरदस्ती थोप रहे हैं जिससे बड़े और अधिक आबादी वाले राज्यों को अधिक लाभ होगा। केवल दक्षिण भारत ही नहीं, बल्कि पंजाब और हरियाणा जैसे राज्य और पूर्वोत्तर के राज्यों का भी सापेक्षिक प्रभाव कम हो जाएगा। देश गंभीर आर्थिक और विदेश नीति संकट का सामना कर रहा है। प्रधानमंत्री को सिर्फ लोकसभा और विधानसभाओं की संख्या बढ़ाने की चिंता है, वो भी बिना किसी सार्थक परामर्श और व्यापक जन बहस के। यह जनता का ध्यान भटकाने का एक हथियार मात्र है। उनकी यह टिप्पणी प्रधानमंत्री मोदी के उस बयान के एक दिन बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि संसद का बजट सत्र तीन दिनों के लिए बढ़ा दिया गया है ताकि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के लिए 2023 में पारित कानून को 2029 से लागू किया जा सके। वीरवार को संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने राज्यसभा में कहा था कि सदन जल्द एक महत्वपूर्ण विधेयक पर विचार करने के लिए फिर से बैठक करेगा। उन्होंने कहा, हमारे पास कुछ विधेयक और महत्वपूर्ण मुद्दे हैं और हमने इन्हें विपक्ष के साथ भी साझा किया है। अगले दो–तीन हफ्तों में हम एक बहुत ही महत्वपूर्ण विधेयक पेश करने जा रहे हैं। बाद में यह पता चला कि संसद का बजट सत्र 16 अप्रैल को कुछ समय के अवकाश के बाद फिर से शुरू होगा ताकि लोकसभा सीट की संख्या 543 से बढ़ाकर 816 करने वाले विधेयकों को पारित किया जा सके और महिला आरक्षण कानून को जल्द से जल्द लागू किया जा सके। केरल में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि 16 से 18 अप्रैल को होने वाले संसद सत्र के दौरान सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गोवा या तेलंगाना किसी भी राज्य में लोकसभा सीट में कमी नहीं हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजग सरकार ने 2023 में एक कानून के माध्यम से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया है। क्या आप जानते हैं कि संसद का सत्र फिर से क्यों शुरू होगा? हमने महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का कानून पारित किया है, ताकि इसका लाभ 2029 के लोकसभा चुनाव से शुरू हो सके और हमारी 33 प्रतिशत बहनें संसद में बैठ सकें। इसके लिए और अधिक कानूनी प्रावधानों की आवश्यकता है। गौरतलब है कि महिला आरक्षण अधिनियम संसद द्वारा 2023 में पारित किया गया था। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने का प्रावधान संविधान में संशोधन करके लाया गया था लेकिन यह परिसीमन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही प्रभावी होगा।

## महिला आरक्षण पर अखिलेश यादव का तर्क:

### कहा- जनगणना के बिना नहीं बनेंगी नीति

(एजेंसी) लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महिला आरक्षण से जुड़े प्रस्तावित विधेयक के आधार पर सवाल उठाते



हुए रविवार को कहा कि संसद व राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए सीट आरक्षित करने से पहले नयी जनगणना पूरी करना जरूरी है। यादव ने श्एक्सश पर एक पोस्ट में कहा कि किसी भी नीति की नींव सटीक आंकड़ों पर होनी चाहिए और तर्क दिया कि यदि महिला आरक्षण का ढांचा 2011 की जनगणना के पुराने आंकड़ों पर आधारित है, तो वह स्वाभाविक रूप से त्रुटिपूर्ण होगा। उन्होंने कहा, दरअसल महिला आरक्षण बिल का तो आधार ही निराधार है। आरक्षण का आधार अगर कुल सीट का एक तिहाई है तो इसका मतलब हुआ कि ये गणित का विषय है और गणित का आधार अंक होते हैं, संख्याएं होती हैं, कोई हवा हवाई बात नहीं। और इस तरह के मामले में संख्या का आधार जनसंख्या होती है, जिसका आधार जनगणना होती है। जब महिलाओं की जनसंख्या के लिए 2011 के पुराने आंकड़ों को आधार बनाएंगे तो महिला आरक्षण की आधारभूमि ही गलत होगी, जब भूमि में ही दोष होगा तो सच्ची फसल कैसे उगेगी इसीलिए हमारी सबसे बड़ी आपत्ति यही है कि पहले जनगणना कराई जाए फिर महिला आरक्षण की बात उठाई जाए। सपा अध्यक्ष ने कहा, जो सरकार महिलाओं को गिनना नहीं चाहती है, वो भला उन्हें आरक्षण क्या देगी। महिलाओं के साथ भाजपा और उनके संगी–साथी जो धोखा करना चाहते हैं, महिलाओं के साथ वो छलावा हम नहीं होने देंगे। कुल मिलाकर सरकार से हमारा ये कहना है। जब तक जनगणना नहीं, तब तक महिला आरक्षण पर बहस करना नहीं। उनकी यह टिप्पणी प्रधानमंत्री मोदी के उस बयान के एक दिन बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि संसद का बजट सत्र तीन दिन के लिए बढ़ा दिया गया है ताकि लोकसभा एव राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले 2023 में पारित कानून को 2029 से लागू किया जा सके। वीरवार को संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने राज्यसभा में कहा था कि सदन जल्द ही एक महत्वपूर्ण विधेयक पर विचार करने के लिए फिर से बैठक करेगा। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रावधान के लिए 2023 में संविधान संशोधन विधेयक (नारी शक्ति वंदन विधेयक) पारित किया गया था, हालांकि इसे परिसीमन की प्रक्रिया के बाद ही लागू किया जा सकता है।

## चलते फिरते ताबूत से कम नहीं बच्चों को ले जाने वाली निजी ट्रैवेल्स की बसें

**- बीमा व फिटनेस खत्म होने वाली बसें भी बच्चों को लेकर सड़कों पर भर रहीं फर्राटा**

**- हज़ारों रुपए के दर्जनों चालान पेंडिंग फिर भी ज़िम्मेदार बने मूकदर्शक**

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। केंद्रीय विद्यालय के बच्चों को ले जा रही महालक्ष्मी ट्रैवेल्स की निजी बस के शनिवार को ट्रांसफ़ार्मर के एंगल से टकराकर दुर्घटना




ग्रस्त होने के बाद ट्रैवेल एजेंसी भले ही स्मान्य दुर्घटना मान रही हो लेकिन विद्यालय के तीस से अधिक बच्चों को ले जा रही बस के दुर्घटना होने से बच्चों के अभिभावक स्तब्ध हैं। अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित नज़र आ रहे है। बस की दुर्घटना के बाद निजी एजेंसी की लापरवाही की परत भी खुल रही है। दुर्घटना हुई बस के अलावा तीन और बसों से बच्चों को लाने व ले जाने का काम किया जाता है। बसों के निर्धारित दस्तावेजों के बिना ही संचालन किए जाने की बात सामने आ रही है। अभिभावकों की माने तो केंद्रीय विद्यालय के मधुपुरी की नई इमारत में ट्रांसफर होने व विद्यालय में बस सुविधा के अभाव के चलते बच्चों को लाने व ले जाने के लिए निजी ट्रैवल एजेंसी महाकाल ट्रैवल्स के कर्मियों द्वारा उनसे संपर्क कर बच्चों को लाने व ले जाने की बात कही गई थी जिस पर अभिभावकों में भरोसा किया। ट्रैवेल्स एजेंसी के द्वारा बाकायदा व्हाट्स ऐप ग्रुप में इन बसों की फोटों के साथ शहर के स्थानों के अनुसार रूट भी निर्धारित करते हुए अभिभावकों से प्रति बच्चे साढ़े बारह सौ निर्धारित किए गए थे। बस की दुर्घटना के बाद ट्रैवल एजेंसी व परिवहन विभाग की लापरवाही भी नज़र आ रही है। परिवहन ऐप के अनुसार बच्चों को लाने व ले जाने के कार्य में लगाई गई बसें दुरुस्त नहीं थी बीमा, व फिटनेस समेत जरूरी वैध दस्तावेजों के बिना व हजारो रुपये के दर्जनों चालान पेंडिंग होने पर भी बसें बच्चों को लेकर फर्राटा भरती रही लेकिन जिम्मेदारों को पता तक नहीं चला। ऐसा आम आदमी के गले नहीं उतर रहा। राधानगर पावर हाउस के निकट पोल के सहारे लगे ट्रांसफार्मर के एंगल से बस के हादसे से अभिभावकों में निजी ट्रैवल एजेंसी के प्रति आक्रोश है। टक्कर से बस में आग लगने व करेंट की चपेट में आने समेत किसी भी अनहोनी हो सकती थी। जिससे अभिभावक बेहद चिंतित है। हादसे के लिए जिम्मेदार ट्रैवल एजेंसी के प्रति अभिभावकों ने जिम्मेदारों से ज़रूरी कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## वन स्टॉप सेंटर की स्थिति पर राहुल ने उठाए सवाल

### कहा- मोदी सरकार किसी की नहीं सुन रही

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार की ओर से हिंसा प्रभावित महिलाओं की मदद के उद्देश्य से बनाए गए वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) से जुड़ी समस्याओं को उठाते हुए रविवार को दावा किया कि मोदी सरकार किसी की नहीं सुन रही है। गांधी ने कहा कि सुरक्षा केवल एक योजना नहीं, बल्कि सरकार की बुनियादी जिम्मेदारी है। उन्होंने अपने व्हाट्सऐप चौनल पर एक पोस्ट में कहा, महिलाएं मदद के लिए दरवाजा खटखटा रही हैं और सरकार ने दरवाजे बंद कर रखे हैं। मैंने संसद में पूछारू जब कोई महिला हिंसा से भागकर वन स्टॉप सेंटर पहुंचती है तो उसे मदद क्यों नहीं मिलती, ताला क्यों मिलता है? स्टाफ की कमी क्यों है? देश भर की शिकायतें अनसुनी क्यों हैं? उन्होंने कहा, सरकार का जवाब क्या था? सब संतोषजनक है। अगर सब संतोषजनक है, तो ओएससी को लेकर इतनी समस्याओं की खबरें क्यों सामने आ रही हैं? राहुल ने सवाल किया, अगर सुरक्षा प्राथमिकता है, तो हर पांच में से तीन महिलाओं तक मदद अभी भी क्यों नहीं पहुंच पा रही है? और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के हर 100 रुपये में से सिर्फ 60 पैसे ही ओएससी पर क्यों खर्च हो रहे हैं? उन्होंने कहा, सुरक्षा कोई योजना नहीं, बल्कि सरकार की बुनियादी जिम्मेदारी है। हर बात को संतोषजनक कहना सुरक्षा नहीं देताय यह दिखाता है कि मोदी सरकार किसी की भी सुन नहीं रही है। लोकसभा में 27 मार्च को पूछे गए अपने प्रश्न में राहुल ने जानना चाहा था कि क्या कई ओएससी बंद पड़े हैं, निष्क्रिय हैं या निर्धारित 24 घंटे संचालित नहीं हो रहे हैं। उन्होंने पिछले पांच वर्षों में राज्यवार और वर्षवार ओएससी में सहायता और आश्रय लेने वाली महिलाओं की संख्या तथा महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित दर्ज मामलों का विवरण भी मांगा था। उन्होंने पिछले पांच वर्षों में राज्यवार और वर्षवार संचालित ओएससी तथा खोले गए नए ओएससी की संख्या, और इस अवधि में जारी तथा उपयोग किए गए धन का विवरण भी मांगा था, साथ ही धन के कम उपयोग के कारणों की जानकारी चाही थी। राहुल ने ओएससी में स्वीकृत और भरे गए पदों–जैसे प्रशासक, केस वर्कर, काउंसलर, चिकित्सा अधिकारी और पुलिसकर्मी का राज्यवार ब्योरा भी मांगा था। इसके अलावा उन्होंने यह भी पूछा था कि क्या मंत्रालय ने कुप्रबंधन या संचालन दिशा–निर्देशों के उल्लंघन से जुड़ी शिकायतों की जांच की है, और यदि हां, तो उस पर क्या कार्रवाई की गई। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने लिखित उत्तर में कहा कि ओएससी, मिशन शक्ति के अंतर्गत संबल घटक का हिस्सा है, जो हिंसा से प्रभावित और संकटग्रस्त महिलाओं को एक ही स्थान पर समेकित और तत्काल सहायता प्रदान करता है। उन्होंने कहा, यह जरूरतमंद महिलाओं को



चिकित्सा सहायता, कानूनी सहायता और परामर्श, अस्थायी आश्रय, पुलिस सहायता तथा मनोवैज्ञानिक–सामाजिक परामर्श जैसी सेवाएं प्रदान करता है। एक अप्रैल 2015 से 31 दिसंबर 2025 तक देश में 13.37 लाख से अधिक महिलाओं को सहायता दी गई है। मंत्री ने बताया कि ओएससी योजना का समग्र क्रियान्वयन राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासन के जिम्मे है। ठाकुर ने कहा, मिशन शक्ति और इसके ओएससी घटक समेत मंत्रालय की योजनाओं का तृतीय पक्ष द्वारा 2020 और 2025 में नीति आयोग के माध्यम से मूल्यांकन किया गया। इन अध्ययनों में योजना की प्रासंगिकता, प्रभावशीलता और स्थिरता संतोषजनक पाई गई है।

## पीएम मोदी ने बाबू जगजीवन राम को दी श्रद्धांजलि, कहा- देश उनके अमूल्य योगदान को हमेशा याद रखेगा

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को पूर्व उप प्रधानमंत्री और दिग्गज दलित नेता जगजीवन राम को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि राष्ट्र के प्रति उनके अमूल्य योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। मोदी ने कहा, पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की जयंती पर मैं उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि देता हूं। उन्होंने अपना जीवन समानता और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित कर दिया था। प्रधानमंत्री ने कहा, राष्ट्र के प्रति उनके अमूल्य योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। मूल रूप से बिहार के रहने वाले जगजीवन राम ने अपनी प्रशासनिक कुशलता के लिए ख्याति प्राप्त की और 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध युद्ध के दौरान केंद्रीय रक्षा मंत्री के रूप में उनकी



भूमिका की सराहना की जाती है। उन्होंने आपातकाल के विरोध में कांग्रेस छोड़ दी थी।

## असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा को राहुल गांधी की चेतावनी, सत्ता में आते ही भेजेंगे जेल

(एजेंसी) गुवाहाटी। असम के बिस्वनाथ में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा की केंद्र सरकार और राज्य के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर कड़ा हमला किया। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने राज्य की राजनीति में बाहरी दखल का आरोप लगाते हुए कहा कि असम की कमान असल में दिल्ली के हाथों में है। उन्होंने भ्रष्टाचार और महिला सुरक्षा के मुद्दों पर भी सरकार को जमकर घेरा। राहुल गांधी ने स्पष्ट संकेत दिए कि आने वाले समय में कांग्रेस इन मुद्दों को लेकर संघर्ष और तेज करेगी। असम की रैली में बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप, नरेंद्र मोदी को कंट्रोल करते हैं और नरेंद्र मोदी व अमित शाह आपके मुख्यमंत्री को कंट्रोल कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि असम की सरकार को मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि दिल्ली से अमित शाह चला रहे हैं। राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर व्यक्तिगत हमला करते हुए कहा कि उन्होंने अपने परिवार को भ्रष्टाचार में शामिल करके बड़ी गलती की है। अब उनके परिवार को भी आरोपों का सामना करना पड़ेगा और कांग्रेस सत्ता में आने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगी। राहुल गांधी ने कहा कि हिमंता बिस्वा सरमा को माफी मांगने पर भी नहीं छोड़ेंगे और जेल भेजकर दम लेंगे। चुनावी सभा के साथ–साथ राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर भी केंद्र सरकार के वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि



हिंसा से पीड़ित महिलाओं की मदद के लिए बनाए गए ये केंद्र अपनी जिम्मेदारी निभाने में नाकाम रहे हैं। राहुल गांधी का दावा है कि मोदी सरकार इस मामले में किसी की बात सुनने को तैयार नहीं है। उन्होंने सुरक्षा को सरकार की बुनियादी जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि पीड़ित महिलाएं मदद के लिए भटक रही हैं लेकिन सरकार ने उनके लिए दरवाजे बंद कर रखे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने संसद में भी वन स्टॉप सेंटर की बदहाली का मुद्दा उठाया था। उन्होंने पूछा था कि इन सेंटरों में ताले क्यों लगे हैं और वहां स्टाफ की कमी क्यों है। उन्होंने आंकड़ें का हवाला देते हुए सरकार से सवाल किया कि आखिर पांच में से तीन महिलाओं तक मदद क्यों नहीं पहुंच पा रही है। राहुल ने बजट के कम इस्तेमाल और देशभर से आ रही शिकायतों पर सरकार की चुप्पी पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने सरकार से पिछले पांच वर्षों में खुले नए सेंटरों और वहां खाली पड़े पदों का ब्यौरा मांगा।सरकार की ओर से महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने राहुल गांधी के सवालों का लिखित जवाब दिया। उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति के तहत ये सेंटर महिलाओं को चिकित्सा और कानूनी मदद मुहैया कराते हैं। सरकार के मुताबिक, साल 2015 से अब तक करीब 13.37 लाख महिलाओं की सहायता की गई है। मंत्री ने कहा कि इन सेंटरों को चलाने की जिम्मेदारी राज्य सरकारों की है और नीति आयोग ने इस योजना के प्रदर्शन को संतोषजनक माना है। हालांकि राहुल गांधी ने सरकार के इन दावों को पूरी तरह खारिज कर दिया।

# सम्पादकीय

## दीदी की बढ़ी टेंशन

जैसा कि सर्वविदित है कि पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में न्यायिक अधिकारियों को घंटों बंधक बनाए रखने की घटना ने अब गंभीर राजनीतिक मोड़ ले लिया है। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि एक तरफ जहां इस मामले में ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन के नेता मोफकरुल इस्लाम को गिरतार किया गया है, वहीं दूसरी तरफ इंडियन सेक्युलर फ्रंट के नेताओं की भूमिका भी जांच के दायरे में आ गई है। पुलिस और



नफीस जाफरी

जांच एजेंसियों की कार्रवाई ने इस पूरे मामले में संभावित राजनीतिक नेटवर्क और संगठित विरोध की आशंकाओं को और गहरा कर दिया है। तो वहीं दूसरी ओर अगर बंगाल की सत्तारूढ तृणमूल कांग्रेस की बात की जाए तो सुनने में थोड़ा अटपटा लगेगा लेकिन ये सच है कि अपनी ही पार्टी की तेज़ तर्रार नेता और लोकसभा सांसद मोहुआ मोइत्रा के चलते तृणमूल कांग्रेस और ममता दीदी की टेंशन बढ़ गई है। विधानसभा चुनाव के ठीक पहले मोहुआ मोइत्रा ने एक ऐसा बयान दिया है जो खुद ममता दीदी के लिए मुसीबत बन सकता है। बताया जा रहा है कि मोइत्रा के बयान से ममता बनर्जी नाराज है। मोहुआ मोइत्रा ने तीन दिनों पहले एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आज़ादी के आंदोलन में बंगाल के लोगों की तुलना में गुजरात के लोगों की भूमिका को लेकर सवाल उठाया था। मोइत्रा ने ये भी पूछा था कि कालापानी की सज़ा पाने वालों में कितने गुजराती शामिल थे? इस बयान को लेकर ममता खासी नाराज़ बताई जा रही हैं और उसकी एक बहुत बड़ी वजह बताई जा रही है। विदित हो कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं और वहीं से एक बार फिर चुनाव लड़ने जा रही हैं। इस विधानसभा का ज़्यादातर इलाका दक्षिण कोलकाता में आता है और इस विधानसभा की एक बड़ी आबादी गुजरातियों और मारवाड़ियों की मानी जाती है। एक अनुमान के मुताबिक़ इस विधानसभा में क़रीब 40 फीसदी आबादी गुजरातियों, मारवाड़ियों और बिहारियों यानि गैर बंगालियों की है। ऐसे में मोहुआ मोइत्रा का ताज़ा बयान गुजरातियों को नाराज़ कर सकता है और इसी बात को लेकर ममता दीदी की सिरदर्दी बढ़ गई है। कुछ पार्टी सूत्रों ने बताया कि ममता ने अपने कुछ पार्टी नेताओं को डैमेज कंट्रोल करने के लिए इन लोगों से संपर्क बढ़ाने को कहा है। मोहुआ मोइत्रा बंगाल में .ष्णानगर लोकसभा सीट से सांसद हैं और पहले भी संसद और संसद के बाहर अपने बयानों से विवादों में घिरती रही हैं। जुलाई 2022 में उन्होंने मां काली को मांस खाने और शराब पीने वाला बता दिया था जिसपर हंगामा हो गया था। खुद उनकी अपनी पार्टी ने भी उनके बयान से किनारा कर लिया था। इसी तरह 2023 में भी लोकसभा में पैसे और गिट लेकर सवाल पूछने के आरोप में उनकी लोकसभा की सदस्यता चली गई थी।

## नौकरियां गंवाने की चिंता और मानसिक स्वास्थ्य की पुकार

रजनीश कपूर

बेंगलुरु, जिसे भारत की आई.टी. राजधानी के नाम से भी जाना जाता है, पिछले दिनों एक ऐसी घटना से हिल गया, जो न केवल दिल दहला देने वाली है, बल्कि पूरे समाज को सोचने पर मजबूर कर देती है। गत 31 मार्च को कोठानूर इलाके के एक हाई–राइज अपार्टमैंट में एक युवा तकनीकी जोड़ी ने आत्महत्या कर ली। पति भानुचंद्र रैड्डी (32) और पत्नी बीबी शाजिया सिराज (31), दोनों सॉफ्टवेयर इंजीनियर, दोनों की कमाई लाखों में, अमरीका में काम का अनुभव, 80 लाख का सालाना पैकेज और सफलता की सारी बाहरी निशानियां। लेकिन अंदर से, नौकरी खोने का भय और बढ़ता तनाव। ठीक उसी दिन, जब वैश्विक स्तर पर ए.आई. की वजह से आई.टी. सैक्टर में भारी छंटनी की खबरें आ रही थीं, भानुचंद्र अमरीका में काम कर रहे थे। ए.आई. टूल्स के कारण उनकी टीम में छंटनी हुई और उनकी नौकरी चली गई। भारत लौटकर वह नई नौकरी की तलाश में लगे लेकिन असफल रहे। चिंता ने उन्हें घेर लिया। स्वास्थ्य बिगडने लगा। अपने सुसाइड नोट में उन्होंने यही लिखा, "नौकरी की अनिश्चितता और लगातार दबाव।" पत्नी शाजिया आई.बी.एम. में नाइट शिफ्ट कर रही थीं। सुबह 7.30 बजे घर लौटीं तो पति का कमरा अंदर से बंद था। सुरक्षा गार्ड ने दरवाजा तोड़ा तो भानुचंद्र फांसी पर लटक रहे थे। शाजिया ने 20 मिनट तक वह दृश्य देखा। फिर वह अचानक 18वें फ्लोर पर पहुंचीं और वहां से नीचे कूद गईं। यह घटना ए.आई. क्रांति की उस काली साइड की प्रतीक है, जो कल तक 'भविष्य की तकनीक' मानी जा रही थी। ठीक उसी दिन, 31 मार्च 2026 को, अमरीकी सॉफ्टवेयर दिग्गज ओरेकल ने हजारों कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। कंपनी ए.आई. डाटा सैंटर बनाने के लिए भारी निवेश कर रही है। 2026 में 500 करोड़ डॉलर से ज्यादा का कैपिटल निवेश भी किया। लेकिन इस खर्च को पूरा करने के लिए उसने लागत घटाने का फैसला किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, करीब 20,000–30,000 तक कर्मचारी प्रभावित हुए हैं। ओरेकल अकेली नहीं। 2026 में ए.आई. की वजह से बिग टैक की छंटनी की लहर चल रही है। अमेजन ने जनवरी में 16,000 कॉर्पोरेट जॉब्स काटे। माइक्रोसॉफ्ट ने पिछले साल 15,000 पद घटाए। मेटा, एटलासियन, ब्लॉक आदि सभी कंपनियां ए.आई. के नाम पर कर्मचारियों को 'रिडंडेंट' बता रही हैं। भारत में भी आई.टी. सैक्टर में 2017 से अब तक 227 से ज्यादा सुसाइड केस दर्ज हुए हैं। एन.सी.आर.बी. के 2023 के आंकड़ों के अनुसार कुल 1,71,418 आत्महत्याएं हुईं, जिनमें युवा प्रोफैशनल्स (25–40 साल) की संख्या सबसे ज्यादा हैं। बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे जैसे हर शहर में ए.आई. छंटनी का डर युवाओं को घेर रहा है। समस्या सिर्फ नौकरी चले जाने की नहीं, समस्या उस चिंता की भी है, जो ए.आई. के नाम पर पैदा हो रही है। ए.आई. टूल्स कोडिंग, डाटा एनालिसिस, यहां तक कि सॉफ्टवेयर डिजाइन में इंसानों से बेहतर साबित हो रहे हैं। कंपनियां सोच रही हैं कि 'कम लोगों से ज्यादा काम'। लेकिन कर्मचारी? उनके लिए यह जीवन–मरण का सवाल बन गया है। ई.एम.आई., लोन, परिवार की जिम्मेदारी, सब कुछ एक नौकरी पर टिका है। जब नौकरी चली जाती है, तो चिंता डिप्रेशन में बदल जाती है और समाज? हम अभी भी इसे 'व्यक्तिगत कमजोरी' मानते हैं। सरकार, कॉर्पोरेट और समाज को मिलकर काम करना होगा। स्कूल–कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य के साथ–साथ आध्यात्मिक शिक्षा भी शामिल करें। मीडिया आत्महत्या की खबरों को संवेदनशील तरीके से कवर करे। परिवारों में खुली बातचीत का माहौल बने। बेंगलुरु की यह त्रासदी और ओरेकल जैसी कंपनियों की छंटनी हमें चेतावनी दे रही है। ए.आई. भविष्य है लेकिन बिना मानवता के नहीं। जब हम मानसिक स्वास्थ्य को शारीरिक बीमारी की तरह देखेंगे, जब अस्पतालों की तरह साइकोलॉजिकल सैंटर्स हर जगह होंगे और जब आध्यात्मिक मार्गदर्शन हमें अंदर से मजबूत करेगा, तब ही हम इस दबाव को पार कर पाएंगे। समय आ गया है कि हम बदलें। शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को एक साथ देखें। तभी एक स्वस्थ, सशक्त और संतुलित भारत बनेगा।

# कल तक थे वफ़ादार, आज हो रहे हैं ट्रंप का शिकार!



गुलफिशा खान

अमेरिका और इजरायल के साथ ईरान की जंग पांचवें हते में प्रवेश कर चुकी है। दोनों ओर से हमलों का दौर जारी है। इस बीच अब ईरान ने हमले की रणनीति बदल दी है। जिससे पश्चिम एशिया में हालात और खराब होने के आसार है। ईरान ने कुवैत में एक पावर प्लांट और डीसैलिनेशन (समुद्री पानी को पीने योग्य बनाने वाले) प्लांट पर हमला किया। कुवैत ने कहा है कि ईरानी हमले में एक पावर और डीसैलिनेशन प्लांट के कुछ हिस्सों को नुकसान पहुंचा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार कुवैत के जिस डीसैलिनेशन प्लांट पर हमला हुआ, वहां से देश में 90 फीसदी पीने का पानी आता है। पश्चिम एशिया के देशों में तेल तो बहुत है लेकिन पीने के पानी की कमी है। ऐसे में ईरान ने अब बदली हुई रणनीति के तहत उन चीजों को निशाना बनाना शुरू किया है, जिससे आम लोगों का जीवन प्रभावित हो।

वहीं अब बात अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तो कल तक वफादार, आज बन गए शिकार... अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सियासी स्टाइल पर ये लाइन बिल्कुल मुफीद लगती है।. अब उन्होंने अटॉर्नी जनरल पद से पाम बॉन्डी की छुट्टी कर दी है। पाम बॉन्डी ट्रंप की खासमखास लोगों की लिस्ट में रही हैं, लेकिन अब लगता है, ट्रंप का उनसे मोहभंग हो गया है। आनन–फानन में ट्रंप प्रशासन में बड़े–बड़े पदों से हटाए गए अधिकारियों की लिस्ट बड़ी लंबी है। मालूम हो कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दुनिया के सबसे ताकतवर नेता हैं। जितना दमदार उनका पद है, उनकी सियासत का अंदाज उतना ही जुदा है। जिस सोशल मीडिया का इस्तेमाल हम और आप एकदूसरे को मैसेज भेजने के लिए करते हैं, वह राष्ट्रपति ट्रंप के लिए हायर एंड फायर का हथियार बन गया है। इसकी ताजा मिसाल पाम बॉन्डी बनी हैं। ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल मीडिया पर एक मैसेज पोस्ट करके अटॉर्नी जनरल पद से पाम बॉन्डी की छुट्टी कर दी। विदित हो कि अमेरिका के न्याय विभाग में अटॉर्नी जनरल का सबसे उच्च पद संभाले हुए पाम बॉन्डी को महज 14 महीने हुए थे। सियासी गलियारों में उनकी एंट्री लोरिडा की अटॉर्नी जनरल रहते हुई थी। उसी दौरान वो रिपब्लिकन राजनीति में उभरीं और ट्रंप के करीब आईं। 2016 के चुनावों में उन्होंने ट्रंप का खुलकर समर्थन किया। 2020 में जब ट्रंप के खिलाफ महाभियोग का मुकदमा चलाया गया था, तब पाम बॉन्डी ने ही उन्हें डिफेंड किया था। कई और मौकों पर वह ट्रंप के बहुत काम आई थीं। पाम बॉन्डी हालांकि पिछले कुछ समय से ट्रंप की नजरों में खटक रही थीं। इसकी बड़ी वजह बताई जाती है एपस्टीन फाइल्स। अमेरिकी यौन अपराधी एपस्टीन की रंगीन करतूतों के काले चिट्ठों को संभालने में उनकी काफी फजीहत हुई। माना जाता है कि ट्रंप अपने राजनीतिक विरोधियों पर



कानूनी शिकंजा कसने में उनकी ढिलाई से भी खफा थे। इमिग्रेशन और अन्य मुकदमों को लेकर भी नाराजगी थी। ट्रंप से उनकी खटपट की खबरें पिछले कुछ समय से उड़ रही थीं। ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट करके उनकी छुट्टी कर दी। ट्रंप ने इस टर्मिनेशन पोस्ट में हालांकि पाम बॉन्डी पर प्यार भी लुटाया। अमेरिकी देशभक्त और वफादार दोस्तश कहकर तारीफ भी की। अमेरिका में क्राइम कम करने का क्रेडिट भी दिया। प्राइवेट सेक्टर में नई जॉब की उनकी छुट्टी की वजह बताया। और डिप्टी अटॉर्नी जनरल टॉड ब्लैंचे को कार्यवाहक अटॉर्नी जनरल अपॉइंट कर दिया। बतौर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के इस दूसरे कार्यकाल में, पिछले एक महीने में पाम बॉन्डी कैबिनेट स्तर की दूसरी अधिकारी हैं, जिनका ट्रंप ने पत्ता काटा है। 5 मार्च को ट्रंप ने होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट की सेक्रेटरी (मिनिस्टर) क्रिस्टी नोएम को पद से हटा दिया था। महज 45 दिन तक अमेरिका की सबसे अहम होमलैंड सिक्योरिटी की मंत्री रहने के बाद क्रिस्टी को बाय बाय कह दिया गया था। ब्रूकिंग्स इंस्टिट्यूट के आंकड़े बताते हैं कि 20 जनवरी 2025 को दूसरी बार अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रंप की ए टीम के 29 फीसदी अधिकारी या तो हटाए जा चुके हैं, या फिर खुद ही अलविदा कह गए हैं। ए टीम में राष्ट्रपति कार्यालय के सबसे सीनियर लेवल के अधिकारी आते हैं। ट्रंप के पहले राष्ट्रपति कार्यकाल में 14 कैबिनेट मंत्रियों की छुट्टी हुई थी, जो अमेरिकी इतिहास में सबसे ज्यादा है। क्रिस्टी नोएम (होमलैंड सिक्योरिटी मिनिस्टर) – सीमा सुरक्षा नीतियों में ढिलाई के आरोप में हटा दिया गया। माइक वॉल्ट्ज (राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार) – विदेश नीति पर ट्रंप से वैचारिक मतभेद में पत्ता कट गया।ग्रेग बोविनो (बॉर्डर पेट्रोल चीफ) – सीमा पर घुसपैठ रोकने में कथित नाकामी के नाम पर हटा दिए गए। सुसन मोनारेज (सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल डायरेक्टर) – बजट कटौती के नाम पर कैंची चली। बिली लॉन्ग (इंटरनल रेवेन्यू सर्विस आईआर कमिश्नर) – टैक्स सुधार और बजट कटौती पर मतभेद में नौकरी गई।गैरी शेपली (कार्यवाहक आईआर कमिश्नर) – छह महीने में ही पद से हटा दिए गए। कैमरन हैमिल्टन (कार्यवाहक प्रशासक) – 4 महीने के अंदर ट्रंप ने विदाई कर दी। ट्रंप 20 जनवरी 2017 को पहली बार अमेरिका के राष्ट्रपति बने थे और 20 जनवरी 2020 तक पद पर रहे थे। राष्ट्रपति बनते ही उन्होंने पिछली जो बाइडेन सरकार में तैनात किए गए अधिकारियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया था। ब्रूकिंग्स इंस्टिट्यूट की मानें तो ट्रंप ने उस दौर में व्हाइट हाउस की 92 फीसदी ए टीम को बदल दिया था, जिसमें मुख्य सलाहकार और सीनियर अधिकारी आते हैं। जुलाई 2019 तक ही ट्रंप ने अपनी कैबिनेट में इतने बदलाव किए थे, जितने पिछले 40 साल में किसी राष्ट्रपति ने नहीं किए। जॉन बोल्टन (नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर) – विदेश नीति पर मतभेदों के कारण 2019 में ट्विटर के जरिए बर्खास्त किया गया। माइकल लिन (नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर) – नियुक्ति के महज 24 दिनों के अंदर रूस से संपर्कों पर झूठ बोलने के आरोप में हटा दिए गए। रेक्स टिलरसन (विदेश मंत्री) – 2018 में राष्ट्रपति ट्रंप ने एक ट्वीट के जरिए उन्हें बर्खास्त कर दिया था। जेम्स कोमी (एफबी डायरेक्टर) – 2017 में ट्रंप कैंपेन में रूस की भूमिका की जांच करते समय हटा दिए गए। जेफ सेशंस (अटॉर्नी जनरल) – रूस मामले की जांच से खुद को अलग करने से नाराज होकर ट्रंप ने इस्तीफा मांग लिया। कर्स्टन नील्सन (होमलैंड सिक्योरिटी मिनिस्टर) – इमिग्रेशन नीतियों पर मतभेदों के कारण 2019 में पद छोड़ना पड़ा। रेंस प्रीबस (चीफ ऑफ स्टाफ) – ट्रंप के पहली बार राष्ट्रपति बनने के कुछ ही दिनों में हटा दिए गए थे। स्टीव बैनन (चीफ स्ट्रेटजिस्ट) – अगस्त 2017 में राष्ट्रपति ट्रंप ने उन्हें पद से हटा दिया था। एंथनी स्कारामुची – महज 10 दिनों के लिए व्हाइट हाउस में कम्युनिकेशंस डायरेक्टर रहे और बर्खास्त कर दिए गए। अब जबकि ट्रंप ने अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी की छुट्टी कर दी है, अमेरिका में अटकलें तेज हो गई हैं कि अगला नंबर किसका होगा। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो एफबीआई के डायरेक्टर काश पटेल और नेशनल इंटेलिजेंस की डायरेक्टर तुलसी गबार्ड उनकी अगली शिकार हो सकती हैं। अटलांटिक की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि आर्मी सेक्रेटरी डेनियल ड्रिस्कॉल और लेबर सेक्रेटरी लोरी शावेज डीरीमर का भी पत्ता साफ हो सकता है। हालांकि ये कितना सच है, ये वक्त ही बताएगा।

# युद्ध के बीच अमेरिका से मजे ले रहा है तेहरान!



फरीद वारसी

पश्चिम एशिया में बीते एक महीने से भी ज्यादा समय से इजरायल–अमेरिका और ईरान के बीच जंग धधक रही है। अभी तक कोई नतीजा नहीं निकला है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बार–बार कह रहे हैं कि वह जल्द ही होर्मुज का रास्ता खुलवाएंगे। इन सब के बीच ईरान का खाड़ी के मुल्कों में अमेरिका के सैन्य अड्डों पर हमले जारी भी हैं। बहरहाल, जैसा कि उल्लेखनीय है कि मिडिल ईस्ट में चल रही जंग बेहद खतरनाक मोड़ ले चुकी है। एक तरफ से अमेरिका–इजरायल अपनी मिसाइलों और ड्रोन से हमले कर रहे हैं, वहीं ईरान भी इन हमलों का मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। इस युद्ध के बीच इंटरनेट की दुनिया में ईरान ने अमेरिका के खिलाफ एक अलग ही मोर्चा खोल दिया है। जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह खोलने और ईरान के तेल ठिकानों पर कब्जे की बात कर रहे हैं, तो वहीं ईरान के आधिकारिक एक्स हैंडल्स से ऐसे पोस्ट किए जा रहे हैं जो सीधे पेंटागन की नाक के नीचे मिर्च लगाने का काम कर रहे. युद्ध की गंभीरता के बीच ईरान अमेरिका की खिंचाई करके अलग नैरेटिव गढ़ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में कहा था कि ईरान को होर्मुज पूरी तरह खोलना पड़ेगा और अमेरिका इस पर अपना कंट्रोल ले सकता है। ताकि वैश्विक तेल आपूर्ति सुरक्षित रहे। इसके जवाब में ईरान ने एक एआई जनरेटेड तस्वीर साझा की है जो सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल रही है। इस तस्वीर में होर्मुज के रास्ते अमेरिकी झंडे में लिपटे ताबूत तैरते दिखाए गए हैं। अमेरिका के सबसे ताकतवर फाइटर जेट में से एक एफ–35 है। ईरान ने इसे भी नहीं बख्शा। ईरान के सोशल मीडिया हैंडल ने एक तस्वीर पोस्ट की जिसमें एफ–35 को ऑफ मोड में दिखाया गया। ईरान ने इसे एफ–35 लिखकर यह संदेश दिया कि उनकी मिसाइल टेक्नोलॉजी और डिफेंस सिस्टम के सामने अमेरिका का यह सबसे महंगा लड़ाकू विमान भी एक खिलौने की तरह बंद हो जाएगा। इसके अलावा ईरान ने साउथ अफ्रीका के प्रसिद्ध नेशनल ब्राई डे के जरिए अमेरिका और इजरायल पर तंज कसा। ब्राई डे में लोग ग्रिल या बारबेक्यू करते हैं। इस पर ईरानी एम्बेसी ने लिखा, क्यों न इस जश्न को थोड़ा जल्दी मनाया जाए? पोस्ट के साथ जो तस्वीर शेयर की उसमें सारी कहानी छिपी हुई थी। ईरान ने एक एआई तस्वीर पोस्ट की जिसमें अमेरिकी फाइटर जेट एफ–35 को ग्रिल किया जा रहा है। ईरान और अमेरिका–इजरायल के बीच जंग शुरू हुए एक महीने से भी ज्यादा वक्त बीत चुका है। ईरान के ये ट्वीट बताते हैं कि वह अब पारंपरिक युद्ध के साथ–साथ एआई और इंफो–वॉर में भी माहिर हो चुका है। तो वहीं दूसरी ओर खबर है कि मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध के बीच ईरान ने अमेरिकी फाइटर जेट को मार गिराया है। ईरान ने पहले ही यह दावा किया था। अब अमेरिका ने भी इसकी पुष्टि कर दी है। एक अमेरिकी अधिकारी ने रॉयटर्स को पुष्टि की है कि ईरान के ऊपर एक अमेरिकी लड़ाकू विमान को मार गिराया गया है।



इजरायल के आर्मी रेडियो ने इजरायली सूत्रों के हवाले से बताया है कि उन्होंने भी इस बात की पुष्टि की है कि विमान को गिरा दिया गया है। इसके अलावा वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में इसकी पुष्टि की गई है। इस रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के ऊपर दुर्घटनाग्रस्त हुए एक अमेरिकी लड़ाकू विमान के चालक दल को खोजने और बचाने का अभियान चल रहा था। मामले के जानकारों को वॉल स्ट्रीट जर्नल को बताया कि युद्ध शुरू होने के बाद से इस देश के भीतर किसी विमान के नष्ट होने का यह पहला ज्ञात मामला है। वहीं यहां यह बताते चलें कि इससे पहले ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया कि उसकी एयरोस्पेस फोर्स के नए एडवांस डिफेंस सिस्टम ने मध्य ईरान के आसमान में अमेरिका के एक और एफ–35 फाइटर जेट को मार गिराया है। ईरान की अर्ध–सरकारी तस्नीम न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी सेना गिराए गए फाइटर जेट के पायलट को खोजने के लिए अभियान चला रही है, लेकिन अब तक उन्हें सफलता नहीं मिली है। रिपोर्ट में बताया गया है कि पश्चिमी ईरान के कोहगिलुयेह और बोयर–अहमद प्रांत में अमेरिकी बलों ने पायलट को तलाशने के लिए ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर और सी–130 हरक्यूलिस विमान का इस्तेमाल किया, लेकिन उनके प्रयास विफल रहे। बताया गया है कि जेट के नष्ट होने के बाद पायलट ने इजेक्ट कर लिया था और वह ईरान के भीतर ही उतरा। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के मुताबिक, यह लड़ाकू विमान लैकनहीथ स्क्वाड्रन का था और पूरी तरह तबाह हो चुका है। तस्नीम की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अमेरिकी पायलट को ईरानी सैन्य बलों ने पकड़ लिया हो सकता है। हालांकि, कुछ सूत्रों का कहना है कि अमेरिका को शक है कि पायलट जीवित है और उसे निकालने की कोशिश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। इससे पहले भी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया था कि उसने ईरान के दक्षिणी हवाई क्षेत्र में अमेरिका के एफ–16 फाइटिंग फाल्कन और एमक्यू–9 रीपर ड्रोन को मार गिराया था। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब 28 फरवरी से शुरू हुए अमेरिका–इजरायल के संयुक्त हमलों के बाद क्षेत्र में तनाव काफी बढ़ गया है, जिसके जवाब में ईरान और उसके सहयोगियों ने मध्य पूर्व में अमेरिकी और इजरायली ठिकानों को निशाना बनाया है।

# अफसरों के नाकारापन से नहीं थमेंगे नालंदा मंदिर जैसे हादसे

योगेन्द्र योगी

सरकारी मशीनरी के नाकारा होने के कारण देश में धार्मिक आयोजनों में भगदड़ जैसे हादसे रुक नहीं रहे। इस शृंखला में नालंदा मंदिर का हादसा भी जुड़ गया है, जहां भगदड़ में 9 लोगों की जान चली गई। आठ महिलाओं की भीड़ में दबने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक पुरुष ने अस्पताल में दम तोड़ा। चौत्र महीने के आखिरी मंगलवार को शीतला अष्टमी के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस मंदिर में पहुंचे थे। वहां मेला भी लगा था। मंदिर में जुटी 10,000 की भीड़ के लिए एक भी पुलिस वाले की तैनाती नहीं थी। यह हालत है देश में जिम्मेदार मानी जाने वाली चुनी हुई सरकारों की। अधिकारी इस बात का आकलन ही नहीं कर सके कि इतने बड़े आयोजन में कोई हादसा भी हो सकता है। कुंभ मेले, मंदिर दर्शन, सत्संग, त्यौहार और रेलवे स्टेशनों पर ट्रेन पकडने की होड़ जैसी घटनाएं न केवल आस्था की प्रतीक हैं, बल्कि प्रबंधन की कमी के कारण अक्सर जानलेवा साबित होती रही हैं। साल–दर–साल मची भगदड़ की घटनाओं में सैंकड़ों निर्दोष जिंदगियां चली जाती हैं, जिनमें महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। ये हादसे मुख्य रूप से सुरक्षा व्यवस्थाओं की चूक, अफवाहें, संकरी जगहों पर अत्यधिक भीड़ और प्रशासन की लापरवाही के कारण होती हैं। देश के सरकारी तंत्र ने विगत वर्षों में हुए इस तरह के हादसों से कोई सबक नहीं सीखा। यही वजह है कि ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति थम नहीं रही। विगत एक दशक में ऐसा शायद ही कोई साल गया होगा, जब भगदड़ में मौतों की दर्दनाक घटनाएं सामने नहीं आई होंगी। 3 मई, 2025 को गोवा के श्री लैरे देवी मंदिर के वार्षिक मेले में पूजा–अर्चना के दौरान भगदड़ मची। इसमें 6 श्रद्धालुओं की मौत हुई और लगभग 55 लोग घायल हुए। 15 फरवरी, 2025 को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्रयागराज कुंभ में शामिल होने के लिए ट्रेन पकडने की होड़ के चलते मची भगदड़ में 18 यात्रियों की जान गई। 9 जनवरी, 2025 को प्रयागराज महाकुंभ के संगम क्षेत्र में भगदड़ में 30 तीर्थयात्रियों की मौत हुई और 60 लोग घायल हुए। इसी तरह 8 जनवरी, 2025 को आंध्र प्रदेश के तिरुपति में श्री वेंकटेश्वर मंदिर में 6 श्रद्धालुओं की मौत हुई। 2 जुलाई, 2024 को उत्तर प्रदेश के हाथरस में संत भोले बाबा (नारायण साकार हरि) के सत्संग के बाद भगदड़ मची। इस घटना में कुल 121 लोगों की मौत हुई, जिनमें अधिकांश महिलाएं और बच्चे थे। यह हादसा सुरक्षा प्रबंधों की कमी के चलते हुआ। 31 मार्च, 2023 को मध्य प्रदेश के इंदौर में रामनवमी पर ढाई तालाब की बावड़ी की छत गिरने से भगदड़ मच गई। इस हादसे में 36 तीर्थयात्रियों की मौत हुई और 16 अन्य घायल हुए। भीड़–नियंत्रण में चूक यहां भी जानलेवा साबित हुई। इन हादसों के अलावा विगत वर्षों में कटरा जम्मू में वैष्णो देवी मंदिर, महाराष्ट्र के मंधर देवी, नासिक में कुंभ स्नान, आंध्र प्रदेश के राजामुंद्री, बिहार के पटना में गांधी मैदान, मध्य प्रदेश के दतिया में पुल पर अफवाह फैलने, हरिद्वार में हर की पौड़ी घाट पर आयोजित गायत्री महायज्ञ आयोजन, उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़, जोधपुर में चामुंडा देवी मंदिर, हिमाचल के नैना देवी में भगदड़ के दौरान सैंकड़ों लोगों की जान चली गई थी। नालंदा में हुए दर्दनाक हादसे के बाद अन्य हादसों की तरह जांच कमेटी बना दी गई। बिहार सरकार की तरफ से मृतकों के परिजनों को सांत्वना राशि की घोषणा कर दी गई। राजनीतिक दलों के नेताओं की तरफ से औपचारिकता निभाते हुए घडियाली आंसू बहाए गए। किन्तु एक भी जिम्मेदार अफसर के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज नहीं की गई। अन्य हादसों की तरह इस हादसे में भी एक भी अफसर को जेल नहीं होगी। किसी का भी बाल बांका नहीं होगा, होगा भी तो सिर्फ दिखावे के लिए छोटे कर्मचारी अधिकारियों पर गाज गिर सकती है। देश में परंपरा रही है कि बड़े अफसर हर बार बच निकलते हैं। इस लिहाज से बिहार की यह घटना इससे अलग नहीं है। सरकारों ने न पहले हुए ऐसे हादसों से कोई सबक सीखा था, न ही बिहार हादसे से सीखेंगे। ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति देश में जारी रहेगी। ऐसे हादसों में सरकारी कुप्रबंधन की वजह से आम लोगों की मौत होती रहेगी और सरकारें तमाशबीन बनी रहेंगी।

# सपाईयों ने मनाई महर्षि कश्यप व निषादराज गुहा की जयंती

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। समाजवादी पार्टी कार्यालय में प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार महर्षि कश्यप एवं महाराज निषादराज गुहा की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने महर्षि कश्यप एवं निषादराज गुहा के जीवन, आदर्शों और समाज के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह व संचालन जिला महासचिव चौधरी मंज़र यार ने किया गया। इस अवसर पर दलजीत निषाद, कमलेश निषाद, डॉ. रामनरेश पटेल, सुहैल खान हेमू, राज बाबू यादव, अकील अहमद, सुमित साहू, अनिल यादव, शिवशंकर यादव, कामता प्रसाद, नयन सिंह एवं गिरजाशंकर विष्वकर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने समाज में समरसता और सामाजिक न्याय को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

# फार्मर रजिस्ट्री अभियान 6 से शुरू, पंचायत भवनों पर लगेंगे कैंप

## - रोजाना होगी समीक्षा, लक्ष्य पूरा करने के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में बैठक आयोजित की गई, जिसमें अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि 6 से 15 अप्रैल तक फार्मर रजिस्ट्री का कार्य संचालित किया जाएगा, जो पंचायत भवनों पर आयोजित कैंपों के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्य की प्रगति की प्रतिदिन शाम को समीक्षा की जाएगी, ताकि लक्ष्य समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि तहसील सदर में 7 प्रभारी अधिकारी तैनात रहेंगे और सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक कैंप



लगाए जाएंगे। 6 अप्रैल को उदी गांव में विशेष कैंप आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को मुनादी कराकर व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री के दौरान आने वाली समस्याओं का समाधान उपजिलाधिकारी ताखा द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह अभियान प्रदेश स्तर पर संचालित किया जा रहा है और किसान सम्मान निधि के सभी लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रूप से कराया जाए। उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री मोबाइल ऐप के माध्यम से की जाएगी। वर्तमान में जनपद में लगभग 77 हजार रजिस्ट्रियां शेष हैं जिन्हें पूरा करने के लिए प्रतिदिन लगभग 6000 रजिस्ट्रियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस कार्य के लिए सभी संबंधित अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है और इसे समय से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, उप . षि निदेशक आरएन सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी धर्मेन्द्र सिंह सहित समस्त उप जिलाधिकारी एवं जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# डांट से क्षुब्ध युवक ने खाया ज़हरीला पदार्थ

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के पहाड़ीपुर गाँव में युवक को परिजनों ने किसी बात को लेकर डाट डपट दिया। परिजनों की डाँट से क्षुब्ध होकर युवक जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। जिसकी जानकारी उसके परिजनों को हुईं तो तुरन्त उसको इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। जहाँ डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के पहाड़ीपुर गांव निवासी कमलेश के 22 वर्षीय पुत्र हनी को आज दोपहर परिजनों ने किसी बात को लेकर डाट डपट दिया। परिजनों की डाँट से क्षुब्ध होकर उसने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। कुछ समय पश्चात जब उसकी हालत बिगडने लगी तो परिजनो को जानकारी हुई तुरन्त परिजन अपने प्राइवेट वाहन से युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे थे युवक की हालत में सुधार न होने पर सरकारी एम्बुलेन्स से कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

# गाजीपुर के मुसाइब खान ने झांसी में गाड़ा झंडा

## – बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर हासिल की जीत

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। विजयीपुर विकास खंड के गाजीपुर निवासी खिलाड़ी मुसाइब खान ने झांसी में बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। यह मुकाबला तीन और चार अप्रैल को खेल निदेशालय लखनऊ के तत्वावधान में झांसी में आयोजित किया गया। जिसमें मुसाइब खान ने अपने प्रतिद्वंद्वी बनारस को शिकसत देकर विजय प्राप्त की। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। जैसे ही उनकी जीत की खबर गांव वह आसपास के इलाके में पहुंची लोगों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाइयां और शुभकामनाएं दी। बताया जा रहा है कि मुसाइब खान लंबे समय से बॉक्सिंग की तैयारी कर रहे थे। अपनी कड़ी मेहनत और लगन से उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। उनकी सफलता ने यह साबित कर दिया कि छोटे से गांव में भी प्रतिभा की कोई कमी नही है। वहीं मुसाइब खान ने खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि वह पिता जियाउल्लाह के साथ बनारस में है। कहा कि उनकी जीत का सारा श्रेय उनके माता–पिता और गुरु को जाता है।



# यातायात प्रभारी ने प्रेशर हॉर्न पर की सख्त कार्रवाई

## - एनएच-2 पर 20 वाहनों के चालान, 1.97 लाख का शमन शुल्क वसूला

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक यातायात अभय नाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जनपद में यातायात नियमों के पालन को लेकर सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी यातायात रामगोपाल शर्मा के नेतृत्व में यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह द्वारा एनएच–2 पर प्रेशर हॉर्न के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए कड़ी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान यातायात पुलिस टीम ने सड़क पर चल रहे वाहनों की सघन जांच की और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 20 वाहनों के चालान किए। इस दौरान कुल 1,97,000 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। प्रेशर हॉर्न का उपयोग ध्वनि प्रदूषण बढ़ाने के साथ–साथ आमजन के लिए असुविधा और दुर्घटनाओं का कारण बनता है, जिसे देखते हुए यह विशेष अभियान चलाया गया। यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह ने बताया कि जनपद में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और प्रेशर हॉर्न जैसे प्रतिबंधित उपकरणों का प्रयोग न करें। इस कार्रवाई के दौरान यातायात पुलिस टीम में कांस्टेबल दुर्गेश कुमार, कांस्टेबल मनोज कुमार सहित भारी संख्या में यातायात पुलिस बल मौजूद रहा, जिन्होंने अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

# तेज आंधी-तूफान से गिरा कच्चा मकान, मलबे में दबकर महिला घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिधौली, सीतापुर। शनिवार शाम सिधौली क्षेत्र में मौसम के बदले मिजाज ने भारी तबाही मचाई, जिसकी चपेट में आकर एक परिवार उजड़ते–उजड़ते बचा। कटसरैया गांव में शनिवार शाम तेज आंधी और बारिश के दौरान एक कच्चे मकान की दीवार और छप्पर अचानक भरभराकर गिर गया। घायल की पहचानरू मलबे की चपेट में आने से गांव निवासी मुन्नू की 26 वर्षीय पत्नी सुनीता गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के समय सुनीता के पति मुन्नू भी घर में मौजूद थे, लेकिन वे चमत्कारिक रूप से सुरक्षित बच गए। रेस्क्यू और उपचार चीख–पुकार सुनकर ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद मलबे में दबी सुनीता को बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली ले जाया गया। शनिवार देर रात तक डॉक्टरों की देखरेख में उनका उपचार जारी था।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फरहीन बानो (FARHEEN BANO) पुत्री लियाकत अहमद (LIYAQUAT AHMAD) का जन्म दिनांक 01.12.1999 को घर पर हुआ था। माता का नाम शम्मो (SHAMMO) है। अज्ञानतावश फरहीन बानो (FARHEEN BANO) का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम नही दर्ज हो सका था। फरहीन बानो (FARHEEN BANO) के जन्म प्रमाण–पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण–पत्र किसी सरकारी या अर्द्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने की जिम्मेदारी मेरी होगी। फरहीन बानो पुत्री लियाकत अहमद निवासी 98/53, ज्वालागंज घोसियाना, फतेहपुर। (98/53 JWALAGANJ GHOSIYANA, FATEHPUR)

# संयुक्तप्रेस क्लब की बैठक में साठ से अधिक पत्रकारों ने ग्रहण की सदस्यता

## - डीबीए अध्यक्ष, महामंत्री कोषाध्यक्ष का भी किया गया सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। संयुक्त प्रेस क्लब इटावा (उत्तर प्रदेश) की कार्यकारिणी की पूर्व निर्धारित बैठक रविवार को प्रेस क्लब भवन (सूचना कार्यालय) के सभागार में



हुई। जिसमें प्रेस/मीडिया से जुड़े साठ से अधिक साथियों ने क्लब की सदस्यता ग्रहण करने हेतु फॉर्म भरे और पत्रकार हित में कदम से कदम मिलाकर काम करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संयुक्त प्रेस क्लब की ओर से डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में हाल में निर्वाचित हुए अध्यक्ष राजेश कुमार त्रिपाठी एडवोकेट, महामंत्री नितिन तिवारी एडवोकेट एवं कोषाध्यक्ष प्रभाकर त्रिपाठी एडवोकेट का माल्यार्पण कर तथा अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत एवं सम्मान भी किया गया। मीडिया के साथियों का मार्गदर्शन करने हेतु उपस्थित हुए वरिष्ठ पत्रकार तथा क्लब के संरक्षक गणेश ज्ञानार्थी ने कहा कि लगभग तीन दशक पूर्व संयुक्त प्रेस क्लब गठित करने का जो संकल्प लिया गया था, वह आज फिर पत्रकार एकता का एक नया सोपान स्थापित कर आगे बढ़ने जा रहा है, जिसके लिए संगठन के अध्यक्ष राजेंद्र भसीन, महामंत्री सुधीर मिश्र और उनकी कार्यकारिणी के सभी समर्पित एवं जुझारू साथी बधाई के पात्र हैं। निश्चित रूप से हमारा यह संगठन पत्रकारिता के मानदंडों तथा पत्रकार हितों की दिशा में मील का पत्थर बनकर कार्य करेगा, ऐसा मेरा विश्वास है और शुभकामनाएं भी। वरिष्ठ पत्रकार खादिम अब्बास ने कहा कि जो पत्रकार साथी और संगठन अपने पूर्वज और वरिष्ठ पत्रकारों का स्मरण करके आगे बढ़ेंगे, उन्हीं को यशस्वी सफलता हासिल होगी। इस अवसर पर उन्होंने स्व. पं. देवीदयाल दुबे, प्रताप सिंह चौहान, डा. नगेन्द्र द्विवेदी, लालाराम चतुर्वेदी, राम नारायण गुप्ता, जुनैद तैमूरी जैसे संघर्षशील, धाकड़ एवं जुझारू वरिष्ठ पत्रकारों का बड़े आदर के साथ स्मरण किया। सभागार में उपस्थित सभी पत्रकारों ने मीडिया के इन दिवंगत महारथियों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वरिष्ठ पत्रकार और ष्दैनिक सविकाष का संचालन कर चुके सविका धर्मलाल चतुर्वेदी ने कहा कि पत्रकारिता अन्याय के खिलाफ संघर्ष का सबसे सशक्त माध्यम है, इसीलिए उसे सत्ता और ताकतवर लोगों द्वारा हमेशा दबाने की कोशिश की जाती है, लेकिन पत्रकार लुट पिट कर भी अपनी और समाज की पीड़ा के खिलाफ सदैव आवाज बुलंद करता रहता है। कार्यक्रम में संयुक्त प्रेस क्लब द्वारा सम्मान किए जाने के प्रति आभार व्यक्त करते हुए डीबीए के अध्यक्ष राजेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि अधिवक्ता और पत्रकार दोनों लोगों को न्याय दिलाने के लिए कार्य करते हैं इसलिए हमारा आपका आत्मीय सामाजिक सम्बन्ध है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पत्रकारों की किसी भी कानूनी समस्या के समाधान के लिए उनके दरवाजे सदैव खुले रहेंगे। डीबीए महामंत्री नितिन तिवारी ने भी संगठन के प्रति आभार जताया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे संयुक्त प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेंद्र भसीन ने कहा कि मैं पिछले कई दशकों से पत्रकार हितों की भावना के साथ काम करता रहा हूं और इस संगठन की भी स्थापना इसी उद्देश्य से की है कि हमारे जो भी मीडिया के साथी इस क्षेत्र में काम कर रहे हैं उनकी समस्याओं के समाधान, उनके सम्मान और हकों की रक्षा के लिए आवाज उठाऊं। इसीलिए सबको जोड़ने की भावना से आज पूरे जिले से अपने पत्रकार साथियों को इस बैठक में आमंत्रित किया है और आपकी भारी संख्या में हुई उपस्थिति को देखते हुए हम आज यह भी घोषणा करते हैं कि शीघ्र ही जिला एवं नगर कार्यकारिणी को गठित कर आगे पत्रकार प्रशिक्षण कार्यशाला और पत्रकार हित के अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर संयुक्त प्रेस क्लब की ओर से जिले के यशस्वी जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला का संगठन की बैठक करने के लिए प्रेस क्लब भवन का सभागार उपलब्ध कराने के लिए आभार भी व्यक्त किया गया। बैठक का संचालन क्लब के महामंत्री सुधीर मिश्र ने किया। बैठक में उपाध्यक्ष मसूद तैमूरी, इलेक्ट्रानिक मीडिया अध्यक्ष अन्नू चौरसिया, संगठन सचिव रघुवीर यादव, वरिष्ठ पत्रकार रणवीर सिंह भदौरिया, संजीव शर्मा, प्रचार मंत्री नितेश प्रताप सिंह, विपिन भदौरिया, सुघर सिंह, सौरभ सिंह, आशुतोष वाजपेई, वहाज अली खान निहाल, दामोदर पाठक, रजत भसीन, राजेश मिश्रा, संजीव राजपूत, अर्शी, शिव कुमार सिंह, शारिक, मो. दिलशाद, मो. इदरीस खान, उमेश सविता, संजय कुमार, एमएस वर्मा, अनिल कुमार, कुलदीप समेत तमाम पत्रकार उपस्थित रहे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुख्तार अहमद (MUKHTAR AHMAD) पुत्र लियाकत अहमद (LIYAKAT AHMAD) का जन्म दिनांक 03.06.1986 को घर पर हुआ था। माता का नाम शम्मो बेगम (SHAMMO BEGAM) है। अज्ञानतावश मुख्तार अहमद (MUKHTAR AHMAD) का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम नही दर्ज हो सका था। मुख्तार अहमद (MUKHTAR AHMAD) के जन्म प्रमाण–पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण–पत्र किसी सरकारी या अर्द्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने की जिम्मेदारी मेरी होगी। मुख्तार अहमद पुत्र लियाकत अहमद निवासी 98/53, ज्वालागंज घोसियाना, फतेहपुर। (98/53 JWALAGANJ GHOSIYANA, FATEHPUR)





# महिलाओं को हेल्पलाइन व साइबर सुरक्षा की जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज–5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत थाना सहसों पुलिस द्वारा ग्राम सिंदौस में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में संचालित किया गया, जिसमें पुलिस टीम ने ग्रामीण महिलाओं एवं अन्य उपस्थित लोगों को महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं के प्रति जागरूक किया। इस दौरान



महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीम द्वारा उपस्थित लोगों को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जिनमें 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 102 व 108 (स्वास्थ्य सेवाएं), 1090 (वूमेन पावर लाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) एवं 1930 (साइबर अपराध हेल्पलाइन) शामिल हैं। इसके अलावा साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई। लोगों को बताया गया कि किसी भी अंजान व्यक्ति के साथ ओटीपी साझा न करें और किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। ऑनलाइन लेन–देन एवं सोशल मीडिया के उपयोग के दौरान सतर्कता बरतने की सलाह भी दी गई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को जागरूकता पम्पलेट वितरित कर सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। इटावा पुलिस द्वारा जनपद में महिला सुरक्षा और जनजागरूकता को लेकर इस प्रकार के अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं।

# महर्षि कश्यप व निषादराज गुहा की जयंती पर हुआ कार्यक्रम

## - जनप्रतिनिधियों ने दोनों महापुरूषों के जीवन दर्शन पर डाला प्रकाश

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। मलवां विकास खंड के बोधिखेड़ा मजरे भाऊपुर में श्री सदगुरु .पा संकीर्तन मंडल ने रविवार को महर्षि कश्यप व निषादराज गुहा की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया। आयोजक एवं अतिथियों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण किया।

मुख्य अतिथि पूर्व सांसद विशंभर प्रसाद निषाद ने महाराजा निषाद राज गुहा के जीवन और आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए सभी को उनके पदचिह्नों पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में मौजूद सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामेष्वर दयाल दयालु गुप्ता ने कहा कि महर्षि कश्यप और निषादराज गुहा का जीवन समाज को एकता, सेवा और समर्पण का संदेश देता है। बिंदकी विधायक जयकुमार सिंह जैकी ने कहा कि ऐसे महान व्यक्तित्वों के आदर्शों को अपनाकर समाज को बेहतर दिशा दी जा सकती है और युवाओं को भी उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि भगवान राम के प्रति निषादराज की भक्ति और निष्ठा प्रेरणादाई है। कहा कि श्रृंगवेरपुर महाराजा निषाद राज की जयंती सामाजिक समरसता और अटूट मित्रता की प्रेरणा देता है, जो सभी भक्तों के लिए अनुकरणीय है। त्रेतायुग में निषाद जाति के राजा, जिन्होंने वनवास के दौरान भगवान राम, सीता और लक्ष्मण को गले लगाया, चरण धोए और गंगा नदी पार कराई थी। तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित कर आरती पूजा की गई। गीत संगीत के साथ कार्यक्रम में आए भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर पूर्व प्रधान मनीराम निषाद, प्रधान विजयपाल निषाद, श्रीराम, रामदास निषाद, सुरेश निषाद, सुशील निषाद, सुनील निषाद आदि रहे।



## वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-आसनसोल विशेष रेलगाड़ी का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है:-

**गाड़ी संख्याः 04185/04186 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-आसनसोल (सप्ताह में दो दिन) विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी सं.04185 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-आसनसोल | | | गाड़ी सं.04186 आसनसोल -वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ----- | 09:20 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी | 19:10 | ---- |
| 11:43 | 11:45 | उरई | 15:38 | 15:40 |
| 12:50 | 12:52 | पुखरायां | 14:50 | 14:52 |
| 15:20 | 15:25 | गोविन्दपुरी | 13:40 | 13:45 |
| 16:20 | 16:22 | फतेहपुर | 11:35 | 11:37 |
| 18:05 | 18:10 | प्रयागराज जं. | 09:40 | 09:45 |
| 19:13 | 19:15 | ज्ञानपुर रोड | 08:05 | 08:07 |
| 20:25 | 20:30 | बनारस | 07:00 | 07:05 |
| 20:45 | 20:50 | वाराणसी कैंट | 06:35 | 06:40 |
| 21:48 | 21:50 | औड़िहार जं. | 05:40 | 05:42 |
| 22:45 | 22:50 | गाजीपुर सिटी | 04:55 | 05:00 |
| 00:05 | 00:10 | बलिया | 03:50 | 03:55 |
| 01:30 | 01:32 | सुरेमनपुर | 03:20 | 03:22 |
| 04:45 | 04:50 | छपरा | 02:35 | 02:40 |
| 06:00 | 06:02 | हाजीपुर | 01:20 | 01:22 |
| 06:45 | 06:47 | शाहपुर पटोरी | 23:45 | 23:47 |
| 08:00 | 08:05 | बरौनी | 22:45 | 22:50 |
| 10:00 | 10:02 | किऊल जं. | 21:55 | 21:57 |
| 11:05 | 11:10 | झाझा | 20:50 | 20:55 |
| 11:51 | 11:53 | जसीडीह | 18:40 | 18:42 |
| 12:17 | 12:19 | मधुपुर जं | 18:13 | 18:15 |
| 12:58 | 13:00 | चित्तरंजन | 17:34 | 17:36 |
| 14:30 | ----- | आसनसोल जं. | ------ | 17:10 |

**वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से:** गाड़ी सं.04185, प्रत्येक रविवार एवं बुधवार, दिनांक- 08.04.2026 से 28.06.2026, **आसनसोल से:** गाड़ी सं.04186, प्रत्येक सोमवार एवं गुरूवार, दिनांक- 09.04.2026 से 29.06.2026,

**गाड़ी संरचनाः** सामान्य श्रेणीः 09, सामान्य द्वितीय श्रेणी चेयरकारः 02, स्लीपर श्रेणीः 06, वातानुकूलित तृतीय श्रेणीः 02

नोटः- ट्रेन से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नं0 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 742/26(DG)

## कानपुर सेन्ट्रल - कोलकाता साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण निम्नवत् है:-

**गाड़ी सं. 04157/04158 कानपुर सेन्ट्रल–कोलकाता साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी संख्या - 04157 कानपुर सेन्ट्रल – कोलकाता | | | गाड़ी संख्या - 04158 कोलकाता – कानपुर सेन्ट्रल | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ..... | 13:00 | कानपुर सेन्ट्रल | 07:10 | ..... |
| 14:00 | 14:02 | फतेहपुर | 03:28 | 03:30 |
| 15:55 | 16:00 | प्रयागराज | 02:10 | 02:15 |
| 17:55 | 17:57 | मिर्ज़ापुर | 00:10 | 00:12 |
| 19:40 | 19:50 | पं. दीन दयाल उपाध्याय | 23:00 | 23:07 |
| 21:00 | 21:02 | सासाराम | 21:18 | 21:20 |
| 21:20 | 21:22 | डेहरी ऑनसोन | 21:00 | 21:02 |
| 22:35 | 22:40 | गया | 19:45 | 19:50 |
| 23:50 | 23:52 | कोडरमा | 17:50 | 17:52 |
| 00:35 | 00:37 | पारसनाथ | 17:18 | 17:20 |
| 00:45 | 00:47 | गोमो | 16:58 | 17:00 |
| 01:40 | 01:45 | धनबाद | 16:30 | 16:35 |
| 02:45 | 02:50 | आसनसोल | 14:45 | 14:50 |
| 03:20 | 03:22 | दुर्गापुर | 14:13 | 14:15 |
| 04:51 | 04:53 | बर्द्धमान | 13:10 | 13:12 |
| 05:34 | 05:36 | बैण्डेल | 12:08 | 12:10 |
| 06:48 | 06:50 | नैहाटी | 11:30 | 11:32 |
| 07:50 | ..... | कोलकाता | ..... | 10:45 |

● कानपुर सेन्ट्रल गाड़ी संख्या 04157, प्रत्येक सोमवार, दिनांक : 06.04.2026 से 29.06.2026 ● कोलकाता से गाड़ी संख्या 04158, प्रत्येक मंगलवार, दिनांक : 07.04.2026 से 30.06.2026

**गाड़ी संरचना :** सामान्य श्रेणी – 08, स्लीपर श्रेणी – 09, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी – 04, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी – 01

नोटः ट्रेन की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाईन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 741/26 (AS)

# पत्ती तोड़ते समय पेड़ से नीचे गिरकर अधेड़ घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खखरेरू थाना क्षेत्र के कालू पुरवा गांव के समीप पेड़ पर चढ़कर बकरियों के लिए पत्ती तोड़ते समय पेड़ की डाल टूट गई और अधेड़ डाल सहित नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था मे उसको इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कालू का पुरवा गांव निवासी मैकू लाल का 55 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार गांव के समीप स्थित पेड़ पर चढ़कर जानवरों के लिए पत्ती तोड़ रहा था तभी पेड़ की डाल टूट गई और पत्ती तोड़ रहा सन्तोष डाल सहित नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी परिजनों को हुई तो तुरन्त उसको इलाज के लिए हरदो सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

# चार पहिया की टक्कर से बाइक सवार घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के सरकंडी गांव के समीप चार पहिया वाहन से टकराकर बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सरकंडी भवानीदीन का डेरा गांव निवासी बुद्धू लाल का 45 वर्षीय पुत्र नोखे लाल बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए निकला था। जब उसकी बाइक थोड़ी दूर आगे पहुंची तभी गांव के समीप चार पहिया वाहन से उसकी भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक चालक नोखे लाल गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में चार पहिया वाहन से उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहाँ ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

# तमंचे के बल पर सरेशाम सर्राफा व्यापारी से बड़ी लूट

## – एसपी ने घटनास्थल का किया निरीक्षण, खुलासे के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो/खागा, फतेहपुर। खखरेरू थाना क्षेत्र के केवटमई गांव के सर्राफा व्यापारी के साथ उस वक्त घटना घटी जब व्यापारी अपनी दुकान बंद कर घर जा रहा था। शनिवार की



देर शाम व्यापारी को दो बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने तमंचे की बट से हमला कर दिया और घायल व्यापारी से आभूषणों से भरा बैग लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा। उधर पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर टीमों का गठन करके अभियुक्तों को गिरतार कर जेल की सलाखों के पीछे भेजने के निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार केवटमई गांव निवासी शिवकुमार मौर्य आलमपुर गेरिया बाजार में सर्राफा की दुकान चलाते हैं। वह शाम अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। जब वह अंजना कबीर गांव के समीप पहुंचे तभी बाइक सवार दो बदमाशों ने पीछे से तमंचे की बट से हमला कर दिया जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर गए। बैग में रखा चालीस ग्राम सोना व एक किलो चांदी के आभूषण और नगदी बदमाश लेकर फरार हो गए। घटनास्थल पर चीख पुकार और अफर तफरी मच गई। आसपास के लोग जमा हो गए। सूचना मिलते ही खखरेरू थानाध्यक्ष विद्या प्रकाश व सीओ खागा घटनास्थल पहुंचे और मौका मुआयना किया। उधर इसकी जानकारी लगते ही पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक भी घटनास्थल पहुंचे और जांच–पड़ताल कर इस बड़ी वारदात के खुलासे के लिए टीमों का गठन किया। उन्होने अधीनस्थों को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द घटना का खुलासा करके अभियुक्तों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाए।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि परवीन (PARVEEN) पुत्री लियाकत अहमद (LIYAQUAT AHMAD) का जन्म दिनांक 20.06.1996 को घर पर हुआ था। माता का नाम शम्मो बेगम (SHAMMO BEGUM) है। अज्ञानतावश परवीन (PARVEEN) का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम नही दर्ज हो सका था। परवीन (PARVEEN) के जन्म प्रमाण–पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण–पत्र किसी सरकारी या अर्द्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने की जिम्मेदारी मेरी होगी। परवीन पुत्री लियाकत अहमद निवासी 98/53, ज्वालागंज घोसियाना, फतेहपुर। (98/53 JWALAGANJ GHOSIYANA, FATEHPUR)

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आफरीन (AFREEN) पुत्री शरीफ SHAREEF) का जन्म दिनांक 02.07.1998 को घर पर हुआ था। माता का नाम महशर (MAHSHAR) है। अज्ञानतावश आफरीन (AFREEN) का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम नही दर्ज हो सका था। आफरीन (AFREEN) के जन्म प्रमाण–पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण–पत्र किसी सरकारी या अर्द्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने की जिम्मेदारी मेरी होगी। आफरीन पुत्री शरीफ निवासी 98/53, ज्वालागंज घोसियाना, फतेहपुर। (98/53 JWALAGANJ GHOSIYANA, FATEHPUR)

# भारतीय रेलवे बोर्ड के सलाहकार को सौंपा ज्ञापन

## - स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव व ओवरब्रिज निर्माण की उठी मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के विकास और यात्रियों की सुविधा को लेकर मांग पत्र उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक प्रयागराज को भेजा गया है। यह पत्र भारतीय रेलवे बोर्ड के सलाहकार आलोक द्विवेदी के माध्यम से प्रेषित किया गया। जिसमें फतेहपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव बढ़ाने तथा बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की मांग की गई। पत्र में जनपद के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए बताया गया है कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अंग्रेजों द्वारा 52 क्रांतिकारियों को एक साथ फांसी दिए जाने वाला ऐतिहासिक स्थल बावनी इमली फतेहपुर की पहचान है। ऐसे में स्टेशन के विकास के साथ–साथ इस ऐतिहासिक विरासत को भी सम्मान दिए जाने की आवश्यकता जताई गई है। मांग पत्र में कहा गया कि फतेहपुर स्टेशन से रात



1 बजे के बाद से सुबह 10 बजे तक कानपुर के लिए कोई एक्सप्रेस ट्रेन उपलब्ध नहीं है। वहीं शाम 6.30 बजे से रात 1 बजे तक प्रयागराज के लिए भी एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव नहीं है। इससे दैनिक यात्रियों, छात्रों, व्यापारियों और कामगारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस (12561) और महाबोधि एक्सप्रेस (12398) का दो–दो मिनट का ठहराव फतेहपुर स्टेशन पर दिए जाने की मांग की गई है। इससे यात्रियों को बड़ी राहत मिल सकती है। पत्र में शादीपुर रेलवे क्रॉसिंग पर उपरिगामी सेतु (ओवरब्रिज) निर्माण की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया है। वर्तमान में यहां पुल न होने के कारण प्रतिदिन भीषण जाम की स्थिति बनती है, जिससे आमजन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। फतेहपुर रेलवे स्टेशन को और अधिक आकर्षक व ऐतिहासिक पहचान देने के लिए शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के चित्र, विजयी विष्व तिरंगा प्यारा के रचयिता श्याम लाल गुप्त पार्षद का चित्रण तथा भिटौरा, ओघ घाट जैसे धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों की वॉल पेंटिंग कराने का भी सुझाव दिया गया है। इस मौके पर शैलेन्द्र शरन सिम्पल, विनोद गुप्ता, राम रस्तोगी, अर्पित रस्तोगी, शिवबरन, मोहम्मद तसनीम, दिलीप सिंह, अनुज कुमार, प्रभुनारायण आदि मौजूद रहे।

# हज के दौरान वक्त न करें बेकार, अरकान करें पूरे : शारिक

## - हज कमेटी की ओर से हज तरबियत कैंप का हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के आबूनगर मुहल्ला स्थित एक मैरिज हाल में



रविवार हो हज कमेटी की ओर से हज तरबियत कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से कानपुर के हज ट्रेनर शारिक अल्वी ने हज 2026 में जाने वाले हाजियों को हज से संबंधित अरकानों की जानकारी प्रदान की। मुख्य अतिथि के रूप में कैंप में आए मर्द व औरतों को संबोधित करते हुए शारिक अल्वी ने बताया कि जो हज पर जा रहे हैं उनसे कोई अरकान छूटने न पाए। सभी अरकानों को अच्छी तरह से समझकर पूरा करें ताकि आपका हज मुकम्मल माना जाए। उन्होने आगे बताया कि मक्का व मदीने में जिस तरह से यहां से जाना है उसी तरह से सभी लोग अरकान को पूरा करें और मदीने व मक्का में चालीस दिन रहकर सभी अरकान को पूरा करना जरूरी है। हज के दौरान अपना वक्त बेकार न करें। एहराम को कैसे बांधा जाए और हज के अरकान को सही तरीके से अदा किया जाए इस पर विस्तार से प्रकाष डाला। हज ट्रेनर ने हज पर जाने वाले हाजियों को संबोधित करते हुए बताया कि औकात किस तरह से गुजारा जाए इस बाबत तफसीर से जानकारी प्रदान की। हज तरबियत कैंप में जिले के अलग–अलग स्थानों से मर्द व औरतों ने षिरकत की। इस अवसर पर आरिफ अख्तर उर्फ अच्छे, हाजी अफसार, अब्दुल वहाब, मो0 शोएब, मो0 आरिफ, खुर्शीद अख्तर, हाजी इलियास, रईस अहमद, सगीर अहमद जाफरी, हाजी मासूक, मो0 वसीम खान, मिस्बाहुल इस्लाम मिस्बा आदि मौजूद रहे।

# बसपा की बैठक में दो दर्जन लोगों ने थामा पार्टी का दामन

## - बाबा साहब की जयंती पर स्मारक स्थल लखनऊ जाएंगे कार्यकर्ता

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बहुजन समाज पार्टी की जिला स्तरीय बैठक रविवार को जिलाध्यक्ष वीर प्रकाश लोधी एडवोकेट की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य मंडल प्रभारी प्रयागराज सतीश जाटव उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए श्री जाटव ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि आगामी 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर लखनऊ के गोमतीनगर स्थित स्मारक स्थल पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि बसपा सुप्रीमो मायावती के नेतृत्व में पार्टी निरंतर मजबूत हो रही है और उनके कार्यकाल में कानून व्यवस्था बेहतर रही तथा सभी वर्गों को न्याय मिला। बैठक के दौरान भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी छोड़कर करीब दो दर्जन लोगों ने बसपा की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल होने वालों में बाबू सिंह, सुरेंद्र प्रधान, सुरेश लोधी, रामप्रताप लोधी, मुट्टू प्रजापति, शिवकुमार पाल, अवधेश यादव, छोटेलाल मौर्य और शैलेश लोधी सहित कई लोग प्रमुख रहे। सभी ने बसपा की नीतियों और



नेतृत्व में विष्वास जताया। इस अवसर पर जिला महासचिव सूर्य भवन फौजी, जिला उपाध्यक्ष महेश मिश्रा, बाराती लाल निषाद, अरविन्द कुमार चौधरी (प्रभारी), सूर्यपाल लोधी, चंदन सिंह लोधी, मनोज गौतम, गुलशन गौतम, गौतम राव, सूरजपाल गौतम, रोशन गौतम, सुनील गौतम, कमलेश गौतम, मुन्नालाल गौतम मौजूद रहे।

# विधायक ने ग्राम फरीदपुर में सीसी रोड का किया लोकार्पण

## - 23 लाख रूपए की लागत से मार्ग व नाली का कराया निर्माण



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर विधानसभा से सपा विधायक चन्द्र प्रकाश लोधी द्वारा लगातार जनता के हितों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। जिनका उद्घाटन भी किया जा रहा है। रविवार को उन्होने ग्राम फरीदपुर में सीसी रोड व नाली का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया। इससे पहले विधायक का ग्रामीणों ने फूल–माला पहनाकर स्वागत किया। विधायक चन्द्र प्रकाश लोधी ने बताया कि फरीदपुर गांव के लोग पक्की सड़क व नाली के लिए परेशान थे। सड़क व नाली न होने से जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जिसको ध्यान में रखते हुए उन्होने 23 लाख रूपए की लागत से सीसी रोड व नाली का निर्माण कराया गया है। उन्होने कहा कि विधानसभा क्षेत्र का लगातार चहुमुखी विकास कराया जा रहा है। क्षेत्र की जनता को किसी भी तरह की कोई दिक्कत हो तो वह उनसे संपर्क कर सकते हैं। इस मौके पर जय सिंह यादव प्रधान, राजकुमार यादव, राजेन्द्र यादव, पुत्तन लोधी, मनोज लोधी प्रधान, सनी लोधी, अजब सिंह यादव प्रधान, दिनेश यादव प्रधान, उदित दुबे सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने मनाई पूर्व पीएम बाबू जगजीवन की जयंती

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कांग्रेस कार्यालय ज्वालागंज में जिला व शहर कांग्रेस ने संयुक्त रूप से पूर्व प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर उनको याद किया। कार्यक्रम में पदाधिकारियों ने बाबू जगजीवन के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए उनके .तित्व पर प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने अपने संबोधन में बाबू जगजीवन राम को एक सफल राजनीतिज्ञ एवं देश प्रेमी बताते हुए कहा कि बिहार के छोटे से जिले आरा में जन्म लेकर अपनी विद्वता के बल पर दिल्ली तक का सफर और उसमें भी लगातार पचास वर्षों तक संसद में बने रहना उनकी सफल राजनीति का प्रमाण है, जो भारतीय संसद में एक रिकार्ड है। उन्होंने यह भी कहा कि साबरमती आश्रम से प्रेरित होकर स्वतंत्रता संग्राम में अपनी अहम भूमिका निभाकर बाबूजी ने अपनी देश भक्ति का प्रमाण भी प्रस्तुत किया जिसे देश कभी भूल नहीं सकता। शहर अध्यक्ष मो0 आरिफ गुड्डा ने कहा कि हाईस्कूल में टॉप करने के बाद लखनऊ के क्रिश्चियन कॉलेज से पूरी फ्री पढ़ाई एवं अमेरिका भेजने का आफर मिलने के बाद उसे ठुकरा देना भी असल देश भक्ति है जो बाबू जी ने किया। श्री गुड्डा ने आगे कहा कि बीएचयू में अपनी पढ़ाई के दौरान पानी के घड़े की छुआछूत को लेकर उन्होंने घड़ा फोड़ दिया एवं एक ही घड़े में सभी को पानी पीने के लिए विवश कर दिया जो उनकी सामाजिक भेदभाव को दूर करने की पहली लड़ाई थी। जिसे उन्होंने आगे भी जारी रखा और



सफल भी रहे। इसी के साथ वरिष्ठ नेता सुधाकर अवस्थी, प्रवक्ता ई देवी प्रकाश दुबे, पप्पू पाल, महराज राम नरेश ओम प्रकाश कोरी ने भी बाबू जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में शमशाद, जगत पाल पासवान, कलीम उल्ला सिद्दीकी, डॉ अतुल पासवान, महामंत्री शोभा दुबे, शकीला बानो, शैलेन्द्र सिंह, कौशल कुमार शुक्ला, अजय बच्चा, अकरम काले, राजीव श्रीवास्तव, हम्माद हुसैन आदि लोग मौजूद रहे।

# आंधी तूफान से गिरी दीवार के मलबे में दबकर किसान की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के राशि का डेरा मजरे कोर्रा कनक गांव में बीती रात आए तेज़ आंधी तूफान में नलकूप की दीवार ढह गई। जिसके मलवे में दबकर वृद्ध किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी परिजनों को हुई तो तुरंत परिजन उसको मलवे से निकाल कर इलाज के लिए अस्पताल लेकर जा रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के राशि का डेरा मजरे कोर्राकनक गांव निवासी स्व. हदीन का 65 वर्षीय पुत्र सिधवा गांव के समीप स्थित नलकूप की रखवाली के लिए बीती रात नलकूप की कोठरी में सो रहा था। तभी आए तेज़ आंधी तूफान में नलकूप की दीवार रह गई और मलवे में दबाकर सिधवा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरंत परिजन मौके पर पहुंचे और दीवार के मलवे से उसको बाहर निकालकर इलाज के लिए अस्पताल लेकर जा रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई, घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के पुत्र संतोष ने घटना की जानकारी दिया।

# खुल रहा सैनिक पालीक्लीनिक भवन निर्माण में हुआ भ्रष्टाचार

## – भवन निर्माण तत्काल प्रभाव से रूका, जांच टीम गठित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पूर्व सैनिक उत्थान एवं लोक कल्याण समिति की बैठक सूबेदार मेजर विनोद मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सर्वप्रथम पूर्व सैनिकों व उनके परिवार की समस्याओं को सुना गया इसके पश्चात अध्यक्ष विद्याभूषण तिवारी ने बताया कि सैनिक पॉलीक्लिनिक भवन के निर्माण में जिला प्रशासन व कुछ सैनिक अधिकारियों के भ्रष्टाचार



युक्त कार्यशैली के कारण जो घोटाला किया गया था वह परत दर परत खुलता जा रहा है और यह सिद्ध हो गया है कि घोटाला किया गया जिसका परिणाम यह हुआ कि भवन निर्माण का कार्य तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी के नेतृत्व में जांच टीम गठित हो गई है। ईमानदार कर्नल विभय मान सिंह ने नौकरी से हटना तो पसंद किया परंतु घोटाले से समझौता नहीं किया जबकि उन्होंने 25 अगस्त 2025 को ही चार्ज संभाला था और उनकी सेवा 30 मार्च 2027 तक बाकी थी। महिला अध्यक्ष जागृति तिवारी ने एक प्रस्ताव रखा कि पिछले दो वर्ष से जनपद की एक समस्या बढ़ रही है कि प्रशासन की लचर व्यवस्था के कारण न ही पीड़ित व्यक्ति की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की जाती है और न ही जमीन संबंधी विवादों का सही निस्तारण किया जाता है। पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी की मंशा को अधीनस्थ अधिकारी पलीता लगाते हैं। जिसको संगठन कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। इस अवसर पर प्रेम सागर शुक्ला, कमल कुमार, रामचंद्र, दीपक बाजपेई, राजेश कुमार शुक्ला, राजकुमार तिवारी, उदय भान सिंह, सुरेंद्र पाल सिंह, बीबी तिवारी, देवेंद्र कुमार शुक्ला, भरोसा प्रसाद अग्निहोत्री, राम सिंह सेंगर, राम प्रसाद द्विवेदी, अशोक कुमार यादव, हीरालाल, सुनीता यादव, सुमन मौर्य, सुनिशा सिंह, यदुनंदन सिंह उपस्थित रहे।

# तालाब में डूबकर महिला की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम कमालीपुर में रविवार की सुबह शौंचक्रिया करने गयी 26 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थियों में तालाब में डूब जाने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अमित कुमार की पत्नी अनुसुईया देवी रविवार की सुबह लगभग सात बजे घर के पीछे स्थित तालाब में शौचक्रिया करने गयी। तभी संदिग्ध अवस्था में तालाब में गिर गयी जिससे उसकी डूब जाने से मौत हो गयी। उधर काफी देर बीत जाने के बाद घर वापस नहीं आई तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। तभी तालाब के किनारे चप्पल देख गांव वालों ने तालाब कूद कर शव को बाहर निकाला सूचना पाकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। बताते है कि एक वर्ष पूर्व दोनो प्रेम विवाह किया था।

# आगे जा रहे ट्राला में भिड़ा लोडर, दो घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 2 पर बीती रात आगे चल रहे ट्राला ट्रक ने अचानक ब्रेक लगाने से पीछे चल रहा चार पहिया वाहन ट्राला से टकरा गया। जिससे चार पहिया वाहन सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था मे उनको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर भर्ती कर इलाज कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार दिल्ली के पहलादपुर थाना क्षेत्र के रोहिनी सेक्टर 16 निवासी शिवशंकर का 22 वर्षीय पुत्र उमाकांत अपने मोहल्ला निवासी विजय के साथ बनारस से गृहस्थी का सामान लोडर में लोड कर वापस दिल्ली लौट रहा था। जब उसका चार वाहन मलवा थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे दो पर पहुंचा तभी आगे चल रहे ट्राला ट्रक ने अचानक ब्रेक ले लिया और मौसम खराब होने की चलते उमाकांत का वाहन ट्राला से जाकर भिड़ गया। जिसमें उमाकांत और विजय दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने सरकारी एंबुलेंस से घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचवाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद विजय को रेफर कर उमाकांत को भर्ती कर उसका इलाज कर रहे है। घटना के बारे में उमाकांत ने बताया उसका साथी विजय भी घायल है। उसका कही और इलाज रहा है।

# रोडवेज बस व डंपर की भिड़ंत में बस चालक जख्मी

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे–2 बाईपास पर रात लगभग तीन बजे रोडवेज बस और डंपर की भिडन्त हो गई। जिसमें बस चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार आगरा जनपद की सदर कोतवाली क्षेत्र के शांतीनगर मेन रोड देवरी निवासी रमेश बाबू का 39 वर्षीय पुत्र प्रदीप जो आगरा रोडवेज बस डिपो में चालक के पद पर कार्यरत है। बीती रात वह आगरा से रोडवेज बस लेकर बनारस जा रहा था। जब बस सदर कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे–2 के बाईपास पर पहुंची। तभी डंपर से बस की भिड़ंत हो गई। जिसमें बस चालक प्रदीप कुमार घायल हो गया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो तुरंत घटनास्थल पर पहुंच कर घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचवाया।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )